हिन्दुस्तान

सात साल में साकार हुआ सपना

नमो भारत कॉरिडोर के प्रोजेक्ट की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में रखी थी

उपलब्धि

नई दिल्ली। देश में पहली सेमी हाईस्पीड नमो भारत ट्रेन चलाने का संकल्प केंद्र सरकार ने महज सात साल में पूरा कर लिया।

160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ने वाली इस ट्रेन के लिए कहीं जमीन से दो मंजिल नीचे, तो कहीं जमीन के दो मंजिल ऊपर ट्रैक तैयार करना आसान नहीं था। कोरोना काल जैसी तमाम बाधाओं को झेलते हुए न केवल इस ट्रेन के कॉरिडोर को समय पर तैयार किया गया, बल्कि यात्रियों के लिए ट्रेनों का संचालन भी शुरू कर दिया गया। करीब 30274 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में रखी थी।

इस प्रोजेक्ट के लिए फंड जुटाने से लेकर स्टेशनों के लिए जमीनों का अधिग्रहण, एलिवेटेड ट्रैक तैयार करने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली और यूपी की विभिन्न सरकारी एजेंसियों से समन्वय कर तेजी से काम किया। चार चरणों में कॉरिडोर का काम पूरा हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को शताब्दीनगर में नमो भारत के नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस दौरान यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत की झांकी है रैपिड-मेट्रो : मोदी ने कहा कि पहली बार एक ही मंच से रैपिड और मेट्रो सेवा का एक ही दिन शुभारंभ हो रहा है। विकसित भारत की कनेक्टिविटी कैसी हो यह उसकी शानदार झांकी है। शहर के भीतर मेट्रो क्लीन सिटी के विजन को यह साकार कर रही है।

मेरठ से गहरा नाता, यहीं से किए चुनावी शंखनादः प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरठ से मेरा गहरा नाता रहा है। 2014, 2019 और 2024 के चुनाव की जनसभाओं की शुरुआत उन्होंने मेरठ से ही की। मेरठ के लोगों ने, किसानों ने, उद्यमियों ने, लघु उद्योग श्रमिकों ने, कारीगरों-दुकानदारों ने मुझे आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने तब भी कांग्रेस, सपा, बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं।

बदलेगी दिल्ली की रफ्तार: रेखा गुप्ता : मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नमो भारत कॉरिडोर के उद्घाटन को दिल्लीवासियों के लिए उपहार बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर शुरू होने से राजधानी की रफ्तार बदलेगी और यात्रा तेज, सुरक्षित व आरामदायक होगी।

160 किलोमीटर प्रति घंटा है ट्रेन की रफ्तार

210 रुपये कॉरिडोर पर सफर का है किराया

ऐसे पूरा हुआ नमो भारत कॉरिडोर का प्रोजेक्ट

- कॉरिडोर की नींव प्रधानमंत्री ने 8 मार्च 2019 को रखी
- 20 अक्तूबर 2023 को साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक पहला खंड शुरू हुआ
- 06 मार्च 2024 को मोदी नगर नॉर्थ तक 17 किमी का दूसरा सेक्शन खोला गया
- 22 फरवरी 2026 को पूरा कॉरिडोर शुरू हो गया